संख्या-103 /2025/1797/2025-001-27-10002(002)/13/2025-10

प्रेषक,

राजीव कुमार वत्स,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-10 लखनऊ: दिनांक: 08 दिसम्बर, 2025

विषय:- वित्तीय वर्ष 2025-26 में नलकूप (मध्य), लखनऊ परिक्षेत्र में विभिन्न जनपदों के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों की क्षतिग्रस्त जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्धार/पुनरोद्धार की 12 परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी (नलकूप), कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (यांत्रिक), सिंचाई विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक-3348/03-72 जे.डी./न0ख0-1 सीतापुर 21 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3354/03-72 जे.ई./बदायूं 60 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3350/03-72 जे.एफ./बरेली 18 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3349/03-72 जे.जी./न0ख0 उन्नाव 86 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3353/03-72 जे.एच./बरेली व पीलीभीत 65 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3358/03-72 जे.आई./बदायूं 62 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3357/03-72 जे.जे./बदायूं 40 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3355/03-72 जे.के./न0ख0 लखनऊ 34 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3368/03-72 जे.एल./न0ख0-2 सीतापुर 18 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3356/03-72 जे.एम./न0ख0-1 लखीमपुर 26 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3370/03-72 जे.एन./न0ख0-1 लखीमपुर 29 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025, पत्रांक-3369/03-72 जे.ओ./हरदोई 77 राजकीय नलकूप आधु0/नलकूप (नियंत्रण), दिनांक 04.11.2025 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-94 के लेखाशीर्षक 4702-102-03-0317-24 ''राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार'' के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 12500.00 लाख में से नलकूप (मध्य), लखनऊ परिक्षेत्र में विभिन्न जनपदों के अन्तर्गत राजकीय नलकूपों की क्षतिग्रस्त जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्धार/पुनरोद्धार की निम्नलिखित 12 परियोजनाओं की निम्न तालिका के कॉलम-3 में अंकित पृथक-पृथक धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में कॉलम-4 में अंकित कुल धनराशि रू0 13,50,88,000/- (रूपये तेरह करोड़ पचास लाख अट्ठासी हजार मात्र) व्यय हेतु अवमुक्त करने की श्री राज्यपाल अधोलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

क्र0	**परियोजना का नाम**	**प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु परियोजना की लागत**	**प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की जाने वाली धनराशि**
1	***2***	***3***	***4***
1	नलकूप खण्ड-प्रथम, सीतापुर के अन्तर्गत 1.5 क्यूसेक क्षमता के 21 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली (लाइन गुल) के जीणोद्वार/पुनरोद्वार की परियोजना	143.98	71.99
2	जनपद-बदायूं के तहसील-बिसौली एवं बिल्सी में 60 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली एवं यांत्रिक/विद्युत उपकरणों के आधुनिकीकरण की परियोजना	347.24	173.62
3	जनपद-बरेली के तहसील-फरीदपुर के अन्तर्गत 18 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण एवं उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना	91.07	45.54
4	नलकूप खण्ड-उन्नाव के 86 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण की परियोजना	283.35	141.68
5	जनपद-बरेली एवं पीलीभीत के नलकूप खण्ड-द्वितीय, बरेली में 1.5 क्यूसेक क्षमता के 65 अदद् राजकीय नलकूपों की जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्वार एवं पुनरोद्वार तथा विद्युत उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना	272.79	136.40

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

6	जनपद-बदायूं के नलकूप खण्ड-तृतीय, बदायूं में 1.5 क्यूसेक क्षमता के 62 अदद् राजकीय नलकूपों की जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्वार एवं पुनरोद्वार तथा विद्युत उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना	334.74	167.37
7	जनपद-बदायूं के 40 अदद् राजकीय नलकूपों की जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्वार/पुनरोद्वार एवं पम्प सेट, विद्युत सहायक उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना	213.91	106.96
8	नलकूप खण्ड-लखनऊ के अन्तर्गत मलिहाबाद के राजकीय नलकूपों पर 34 अदद् पम्प सेट, 54 अदद् स्टार्टर व टी.पी. स्विच के प्रतिस्थापन तथा 54 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली की मरम्मत के आधुनिकीकरण की परियोजना	255.62	127.81
9	नलकूप खण्ड-द्वितीय, सीतापुर के उपखण्ड कार्यालय चतुर्थ मैगलगंज, लखीमपुर खीरी में 18 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के पुनरोद्वार एवं जर्जर पम्प सेट व विद्युत उपकरणों के प्रतिस्थापन की परियोजना	76.80	38.40
10	नलकूप खण्ड-प्रथम, लखीमपुर खीरी के 1.5 क्यूसेक क्षमता के 26 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली (लाइन गुल) के जीणोद्वार एवं पुनरोद्वार की परियोजना	144.17	72.00
11	नलकूप खण्ड-प्रथम, लखीमपुर खीरी के 1.5 क्यूसेक क्षमता के 29 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली (पी.वी.सी. पाइप लाइन) के जीणोद्वार एवं पुनरोद्वार की परियोजना	92.45	46.00
12	नलकूप मध्य परिक्षेत्र के अन्तर्गत जनपद हरदोई के अधीनस्थ खण्डों के 77 अदद् राजकीय नलकूपों के जल वितरण प्रणाली के जीर्णोद्वार एवं पुनरोद्वार तथा पम्प सेटों एवं उपकरणों के प्रतिस्थापना की परियोजना	446.22	223.11
		कुल योग-	**1350.88**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों-

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाएगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी आपकी होगी तथा आप यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाये।

(3) स्वीकृत धनराशि कोषागार से एकमुश्त आहरित न कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर अनुमोदित कार्य पर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(4) विभागाध्यक्ष द्वारा वित्त विभाग (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में वित्तीय स्वीकृतियां निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिए गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं बजट मैनुअल में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत व्यय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों में निहित प्राविधानों का अनुपालन करते हुए समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाएगा।

(6) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-बी-2-2528/दस-2014-10/77, दिनांक 26.08.2014 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2017/बी-3-1034/दस-2017-100(4)/2002ब0 मै0, दिनांक 21.11.17 में दी गयी व्यवस्था का अनुपालन कर लिया गया है।

(7) विभागाध्यक्ष द्वारा प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभागाध्यक्ष का होगा।

(8) उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डडर्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

(9) विभागाध्यक्ष नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लीयरेंश सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ कराएं।

(10) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपभोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जाय तथा कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रत्येक दशा में उत्तर प्रदेश सरकार को निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(11) व्यय वित्त समिति द्वारा लगायी गयी शर्तों का विभागाध्यक्ष द्वारा पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/विभागाध्यक्ष का होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(12) विभागाध्यक्ष द्वारा सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार),निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित वित्तीय प्रबन्धन के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 17.05.2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023-17(4)/75 दिनांक 19.05.2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(13) विभागाध्यक्ष अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष जमा की जाएगी। अधिष्ठान व्यय वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश सं0-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक-25.01.2011 के साथ पठित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक-11.11.2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

(14) 01 प्रतिशत लेबरसेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(15) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लेंगे कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना /कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 13,50,88,000 (रुपये तेरह करोड़ पचास लाख अट्ठासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 094 लेखा शीर्षक 4702001020317 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण एवं जीर्णोद्धार मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
राजीव कुमार वत्स
संयुक्त सचिव।

संख्या-103 /2025/1797(1)/2025-001-27-10002(002)/13/2025-10, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
(3) प्रमुख अभियंता (यांत्रिक), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(4) मुख्य अभियन्ता (बजट), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(5) वित्त नियंत्रक, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लखनऊ।
(6) मुख्य अभियन्ता (नलकूप मध्य), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(7) वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी (नलकूप), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(8) मुख्य अभियन्ता (सूचना प्रणाली संगठन)/नोडल अधिकारी सी0एम0आई0एस0 पोर्टल।
(9) अनु सचिव (लेखा) एवं नोडल अधिकारी, ऑन लाइन बजट आवंटन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 शासन।
(10) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/ सिंचाई अनु0-9/नियोजन अनु0-3
(11) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
(12) गार्ड बुक (बजट)।

आज्ञा से,
राजीव कुमार वत्स
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।